बिहार सरकार
सहकारिता विभाग
(कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ)

बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 का पुस्तक रूप में मुद्रण हेतु अल्प अवधि कोटेशन संबंधी सूचना।

ज्ञापांक संख्या–10922 ,पटना/दिनांक 14.10.2026

निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना द्वारा बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 की स्वीकृति के पश्चात विभागीय संकल्प संख्या पत्रांक–7960 दिनांक 30.07.2026 के द्वारा इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया गया है। बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 से संबंधित पुस्तक का कुल 2000 प्रति अंग्रेजी भाषा में एवं 2000 प्रति हिन्दी भाषा में मुद्रित किया जाना है। विदित हो कि पुस्तक का विमोचन माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के कर–कमलों द्वारा किया जाना शीघ्र प्रस्तावित है। उक्त बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 पुस्तक की 2000 प्रति अंग्रेजी भाषा में 48 पृष्ठ एवं 2000 प्रति हिन्दी भाषा में 52 पृष्ठ पुस्तक के रूप में मुद्रण कराये जाने हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 पुस्तक अंग्रेजी भाषा में 2000 प्रति एवं हिन्दी भाषा में 2000 प्रति होने की सम्भावना है, जिसके मुद्रण करने, उसका बंधन एवं ग्लू बाईडिंग कर कार्य स्थल पर पहुँचाने का कार्य सम्पादन करने हेतु इच्छुक कोटेशनदाताओं से कोटेशन आमंत्रित की जाती है। कोटेशन केवल निबंधित/रजिस्टर्ड डाक एवं हाथों–हाथ विभाग के प्राप्ति पटल पर दिनांक 16.10.2026 को अपराह्न 02:30 तक स्वीकार किये जाएंगे। बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 पुस्तक का स्वरूप निम्नवत होगा :–

क्र॰	पुस्तक का विवरण	पृष्ठों की संख्या (लगभग)/पुस्तकों की संख्या	कागज की गुणवत्ता
1.	बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 पुस्तक	48 पृष्ठ/2000 प्रति अंग्रेजी भाषा में एवं 52 पृष्ठ/2000 प्रति हिन्दी भाषा में मुद्रण।	कवर पेज पृष्ठ 250 जी॰एस॰एम॰ (लेमिनेटेड) (प्रति पुस्तक अंग्रेजी भाषा में आवरण पृष्ठ 04 एवं अंतः पृष्ठ 44) अंतः पृष्ठ 130 जी॰एस॰एम॰ (प्रति पुस्तक हिन्दी भाषा में आवरण पृष्ठ 04 एवं अंतः पृष्ठ 48) मल्टीकलर प्रिंट साईज A4

नोट :– 1. इसमें सभी प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पास सुरक्षित होगा।

2. पृष्ठों की संख्या कम या अधिक होने पर मूल्य में कमी या वृद्धि हो सकती है। इस संबंध में कोई भी अन्य जानकारी उप निबंधक (ईख), कार्यालय निबंधक,सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के मोबाईल संख्या–8936823929 पर उक्त अवधि में दिनांक 14.10.2026 को अपराह्न 02:30 से दिनांक 16.10.2026 अपराह्न 2:30 तक प्राप्त किया जा सकता है।

विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/cooperative/CitizenHome.html पर इच्छुक कोटेशनदाताओं के अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

नोट :– कोटेशन के साथ निम्न अभिलेख भी उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है :–

1. विगत 01 वर्ष का आयकर रिटर्न संबंधी अभिलेख।
2. जी॰एस॰टी॰ पंजीकरण से संबंधित अभिलेख।
3. कार्यादेश निर्गत होने के 02 दिनों के अंदर शुद्धता की जाँच हेतु एक पुस्तक प्रारूप उपलब्ध कराते हुए कार्यादेश निर्गत तिथि के 02 दिनों के भीतर मुद्रण का कार्य सम्पन्न करते हुए बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 पुस्तक हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।

17/14/X/2026
(मनोज कुमार सिंह)
अपर निबंधक (साख),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 10922 /पटना, दिनांक 14.10.2026

संचिका संख्या–01/नि॰ (लेखा) बि॰रा॰सह॰ नीति, 2026 (पुस्तक)–117/2026

प्रतिलिपि :– श्रीमती मोनिका कुमारी, आई॰टी॰ मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/श्री तरूण कुमार, डाटा एनालिस्ट, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/14/X/2026
अपर निबंधक (साख),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।